राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1919
04 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

देश की इस्पात उत्पादन क्षमता

1919. श्री सुशील कुमार गुप्ताः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में इस्पात उत्पादन और खनन में लगी इकाइयों के ब्यौरे सहित इस्पात उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है;
(ख) उन स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है, जहां सरकारी, अर्ध-सरकारी और गैर-सरकारी इकाइयां इस्पात का उत्पादन कर रही है;
(ग) क्या इन संयंत्रों/इकाइयों का उत्पादन पर्याप्त है;
(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार की देश में नये इस्पात संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है; और
(ङ) यदि हां, तो उन स्थलों के क्या नाम हैं, जहां सरकार नये इस्पात संयंत्र स्थापित करने का विचार रखती है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): वर्ष 2018-19 के दौरान देश में क्रूड इस्पात की कुल उत्पादन क्षमता 142 मिलियन टन है। इस्पात उत्पादन में लगी इकाइयों का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। भारतीय खान ब्यूरो द्वारा प्रकाशित इंडियन मिनरल ईयर बुक, 2018 के अनुसार वर्ष 2017-18 में खानों की संख्या 1430 थी। इसमें से 146 खान सार्वजनिक क्षेत्र में हैं और 1284 निजी क्षेत्र में हैं।

(ग): पिछेल वर्ष और वर्तमान वर्ष में फिनिश्ड इस्पात के सकल उत्पादन, निर्यात और आयात के आंकड़े नीचे यह इंगित करते हैं कि प्रत्येक वर्ष सकल उत्पादन स्वदेशी खपत से अधिक रहा है।

कुल फिनिश्ड इस्पात (एमटी)		
वर्ष	**उत्पादन**	**खपत**
2018-19	101.29	98.71
अप्रैल-अक्टूबर 2019*	59.73	59.05
स्रोत: जेपीसी; * अनंतिम; एमटी= मिलियन टन		

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

(ङ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण इस्पात संयंत्र की स्थापना और उनके स्थान संबंधी विशिष्ट निर्णय पृथक-पृथक इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचार और बाजार गतिशीलता के आधार पर लिए जाते हैं। वर्तमान में एनएमडीसी नगरनार, बस्तर, छत्तीसगढ़ में एक इस्पात संयंत्र की स्थापना कर रहा है।

****

अनुलग्नक

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1919, दिनांक 04.12.2019)

इस्पात उत्पादन क्षमता और इकाइयों की संख्या का राज्य वार विवरण 2018-19

क) निजी क्षेत्र

राज्य	इकाई	क्षमता ('000t)	उत्पादन ('000t)
पूर्वी क्षेत्र			
अरुणाचल प्रदेश	3	125	39
असम	8	205	83
बिहार	20	837	563
झारखंड	64	14815	13405
मेघालय	7	185	65
ओडिशा	62	22617	15641
त्रिपुरा	1	30	7
पश्चिम बंगाल	48	5886	3263
पूर्वी क्षेत्र का कुल योग	**213**	**44700**	**33066**
पश्चिमी क्षेत्र			
छत्तीसगढ़	76	12564	8717
दादर व नगर हवेली	20	316	291
दमन और दीव	3	44	50
गोआ	12	474	429
गुजरात	66	12646	8654
मेघालय	11	555	506
महाराष्ट्र	56	11791	9114
पश्चिमी क्षेत्र का कुल योग	**244**	**38390**	**27760**
उत्तरी क्षेत्र			
दिल्ली	2	16	13
हरियाणा	10	953	803
हिमाचल प्रदेश	21	862	730
जम्मू और कश्मीर	8	189	136
पंजाब	117	4800	3611
राजस्थान	41	1286	1158
उत्तर प्रदेश	46	1551	1321
उत्तराखंड	37	1389	1069
उत्तरी क्षेत्र का कुल योग	**282**	**11046**	**8840**
दक्षिणी क्षेत्र			
आंध्र प्रदेश	26	1956	1700
कर्नाटक	30	15062	13327
केरल	35	535	349
पुदुचेरी	10	249	190
तमिलनाडु	101	3661	2919
तेलंगाना	27	1205	1274
दक्षिणी क्षेत्र का कुल योग	**229**	**22668**	**19759**
निजी क्षेत्र : कुल	**968**	**116804**	**89425**
सार्वजनिक क्षेत्र : कुल	**9**	**25432**	**21496**
सभी क्षेत्रों का कुल योग	**977**	**142236**	**110921**

स्रोत: जेपीसी

ख) सार्वजनिक क्षेत्र

राज्य	इकाई	क्षमता ('000t)	उत्पादन ('000t)
छत्तीसगढ़	बीएसपी	5500	4447
पश्चिम बंगाल	डीएसपी	2200	2219
ओडिशा	आरएसपी	3800	3658
झारखंड	बीएसएल	4600	3833
पश्चिम बंगाल	आईएसपी	2500	1888
पश्चिम बंगाल	एएसपी	234	101
तमिलनाडु	एसएसपी	180	117
कर्नाटक	वीआईएसएल	118	0
कुल : सेल		19132	16263
आंध्र प्रदेश	आरआईएनएल	6300	5233
कुल सार्वजनिक क्षेत्र		25432	21496

***